SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 22/02/2020

Q1. कंप्यूटर में कट, कॉपी, पेस्ट कमांड का पता लगाने वाले कंप्यूटर साइंटिस्ट लैरी टेस्लर का हाल ही में कितने वर्ष की उम्र में निधन हो गया है?

क. 60 वर्ष

ख. 65 वर्ष

ग. 74 वर्ष

घ. 84 वर्ष

कंप्यूटर में कट, कॉपी, पेस्ट कमांड का पता लगाने वाले कंप्यूटर साइंटिस्ट लैरी टेस्लर का हाल ही में 74 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. लैरी टेस्लर ने वर्ष 1960 के दशक की शुरुआत में सिलिकॉन वैली में काम करना शुरू किया था.

SarkariExam.Com

Q2. सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल _____ को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है?

क. राजेंद्र सिंह

ख. कृष्ण वत्स

ग. कमल किशोर

घ. सैयद अता हसनैन

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सदस्य नियुक्त किया गया है. साथ ही राजेंद्र सिंह और कृष्ण वत्स को भी एनडीएमए में सदस्य बनाया गया है. वर्तमान सदस्य कमल किशोर का कार्यकाल अगले पांच साल बढ़ा दिया गया है.

Q3. बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री ____ का हाल ही में 82 साल की उम्र में निधन हो गया है?

क. हेमा मालिनी

ख. किशोरी बलाल

ग. वहीदा रहमान

घ नूतन

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री किशोरी बलाल का हाल ही में 82 साल की उम्र में निधन हो गया है. उन्होंने अभिनेता शाहरुख खान के साथ फिल्म स्वदेश में उनकी 'कावेरी अम्मा' का किरदार निभाया था. अभिनेत्री किशोरी बलाल काफी लम्बे समय से बीमार चल रही थी.

SarkariExam.Com

Q4. हाल ही में किसने 22वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है?

क. निति आयोग

ख. योजना आयोग

ग. केंद्र सरकार

घ. सुप्रीमकोर्ट

केंद्र सरकार ने तीन साल के लिए 22वें विधि आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है. इससे पहले 21वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त 2018 को समाप्त हुआ था. विधि आयोग एक गैर-सांविधिक निकाय है.

Q5. पुरे विश्व में 21 फ़रवरी को कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व सामाजिक न्याय दिवस

ख. अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

ग. विश्व विज्ञानं दिवस

घ. विश्व सुरक्षा दिवस

पुरे विश्व में 21 फ़रवरी को "अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस" मनाया जाता है.

SarkariExam.Com

Q6. एफसी गोवा क्लब एएफसी चैंपियन्स लीग ग्रुप चरण में पहुंचने वाला ____ भारतीय क्लब बन गया है?

क. पहला

ख. दूसरा

ग. तीसरा

घ. चौथा

एफसी गोवा ने फुटबॉल में नया इतिहास रचते हुए एफसी गोवा इंडियन सुपर लीग जमशेदपुर एफसी को 5-0 से हराकर चैंपियन्स लीग के ग्रुप चरण के लिये क्वालीफाई कर लिया है. साथ ही एफसी गोवा क्लब एएफसी चैंपियन्स लीग ग्रुप चरण में पहुंचने वाला पहला भारतीय क्लब बन गया है.

Q7. निम्न में से किस टेलिकॉम कंपनी ने हाल ही में टेलीकॉम डिपार्टमेंट को 1,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया है?

क. रिलायंस जियो

ख. एयरटेल

ग. वोडाफोन आइडिया

घ. इनमे से कोई नहीं

वोडाफोन आइडिया ने हाल ही में टेलीकॉम डिपार्टमेंट को 1,000 करोड़ रुपए का भुगतान किया है. इससे पहले कंपनी ने 2,500 करोड़ रुपए का भुगतान किया था.

SarkariExam.Com

Q8. निम्न में से कौन सा विदेशी बल्लेबाज आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला पहला विदेशी बल्लेबाज बन गया है?

क. क्रिस गेल

ख. जोनी बर्रेस्ट

ग. डेविड वार्नर

घ. रोहित शर्मा

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेलने वाले डेविड वार्नरआईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पहले विदेशी बल्लेबाज बन गए है. वार्नर ने आइपीएल के 126 मैच में 43.17 की औसत से कुल 4706 रन बनाए हैं जिसमे उनका 126 रन का बेस्ट स्कोर है.

Q9. भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने किस खिलाडी को अनिश्चतकाल के लिए सस्पेंड कर दिया है?

क. बाबर आज़म

ख. सरफ़राज़ अहमद

ग. उमर अकमल

घ. मोहमद आमिर

भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने उमर अकमल को अनिश्चतकाल के लिए सस्पेंड कर दिया है. वे अब जांच पूरी होने तक किसी तरह की क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे.

SarkariExam.Com

Q10. एफएटीएफ के अंतरराष्ट्रीय सहयोग समीक्षा समूह में किस देश को संदिग्ध सूची (ग्रे लिस्ट) में रखे जाने की सिफारिश की गयी है?

क. पाकिस्तान

ख. मालदीव

ग. यूगांडा

घ. श्री लंका

एफएटीएफ के अंतरराष्ट्रीय सहयोग समीक्षा समूह में पाकिस्तान को संदिग्ध सूची (ग्रे लिस्ट) में रखे जाने की सिफारिश की गयी है. इस संदिग्ध सूची (ग्रे लिस्ट) में बाहर निकलने के लिए पाकिस्तान को 39 में से 12 वोट चाहिए थे.

Q11. दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी को चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कितने करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है?

क. 515 करोड़ रुपए

ख. 645 करोड़ रुपए

ग. 847 करोड़ रुपए

घ. 934 करोड़ रुपए

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड कंपनी को 934 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा हुआ है. जबकि पिछले वर्ष इस तिमाही में कंपनी को 6,705 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था.

SarkariExam.Com

Q12. इथोनोलॉज के अनुसार इनमे से कौन सी भाषा दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है?

क. अंग्रेजी

ख. उर्दू

ग. हिंदी

घ. पंजाबी

इथोनोलॉज के अनुसार हिंदी भाषा दुनिया में तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है. वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस के 22वें संस्करण में बताया गया की विश्व् की 20 सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में 6 भारतीय भाषाएं हैं. पुरे विश्व में 61.5 करोड़ लोग हिंदी भाषा का उपयोग करते हैं.

Q13. केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में तीन दिवसीय विशाल पक्षी गणना में पक्षियों की कितनी नई प्रजातियां मिली है?

क. 2 प्रजातियां

ख. 3 प्रजातियां

ग. 4 प्रजातियां

घ. 5 प्रजातियां

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में तीन दिवसीय विशाल पक्षी गणना में पक्षियों की 2 नई प्रजातियां मिली है. जिसमे लाल गले वाली सारिका और सुरमीला जल पक्षी लद्दाख क्षेत्र में पहली बार मिली है.

SarkariExam.Com

Q14. सुप्रीमकोर्ट ने किस राज्य सरकार को अवैध रेत खनन पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया है?

क. केरल सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. राजस्थान सरकार

सुप्रीमकोर्ट ने हाल ही में राजस्थान सरकार को अवैध रेत खनन पर तुरंत रोक लगाने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने कहा है की अवैध रेत खनन से पर्यावरण को अपूर्णीय क्षति होगी. साथ ही कोर्ट ने जांच करने के भी आदेश दिये है.

Q15. निम्न में से किस देश की सरकार ने गृहयुद्ध के कारण 2012 से बंद अलेप्पो एयरपोर्ट को फिर चालू कर दिया है?

क. रूस सरकार

ख. अमेरिकी सरकार

ग. सीरिया सरकार

घ. भारत सरकार

सीरिया सरकार ने हाल ही में गृहयुद्ध के कारण 2012 से बंद अलेप्पो एयरपोर्ट को फिर चालू कर दिया है. अब सीरिया के अलेप्पो एयरपोर्ट यात्रियों के लिए विमानों की उड़ान और लैडिंग के लिए पूरी तरह तैयार है.

SarkariExam.Com

Q16. 22 फ़रवरी को विश्व भर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व चिंतन दिवस

ख. विश्व महिला दिवस

ग. विश्व पुरुष दिवस

घ. विश्व शांति दिवस

22 फ़रवरी को विश्व भर में विश्व चिंतन दिवस मनाया जाता है. स्काउट गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल का जन्म दिवस पर पुरे विश्व में आज के दिन विश्व चिन्तन दिवस मनाया जाता है.

Q17. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम का कौन सा खिलाडी क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट 100-100 मैच खेलने वाला दुनिया का पहला खिलाडी बन गया है?

क. केन विलियम्ससन

ख. रॉस टेलर

ग. ट्रेंट बोल्ट

घ. मार्टिन गुप्टिल

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाडी रॉस टेलर क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट 100-100 मैच खेलने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं. उन्होंने हाल ही में भारत के खिलाफ अपना 100वां टेस्ट खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की है.

SarkariExam.Com

Q18. भारतीय क्रिकेट टीम के किस खिलाडी ने हाल ही में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है?

क. युजवेंद्र चहल

ख. प्रज्ञान ओझा

ग. अमित मिश्र

घ. आर अश्विन

भारतीय क्रिकेट टीम स्पिन गेंदबाज प्रज्ञान ओझा ने हाल ही में क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास की घोषणा की है. उन्होंने वर्ष 2008 में बांग्लादेश के खिलाफ कराची में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था.

Q19. एशियाई चैम्पियनशिप की महिला स्पर्धाओं में भारत की दिव्या काकरान, सरिता मोरे और पिंकी ने कौन सा मेडल जीता है?

क. गोल्ड मेडल

ख. सिल्वर मेडल

ग. ब्रोंज मेडल

घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

एशियाई चैम्पियनशिप की महिला स्पर्धाओं में भारत की दिव्या काकरान (68 किग्रा), सरिता मोरे (59 किग्रा) और पिंकी (55 किग्रा) ने गोल्ड मेडल जीता है. जबकि भारत की ही निर्मला देवी को 50 किग्रा में सिल्वर मेडल जीता है.

SarkariExam.Com

Q20. निम्न में से किस देश के अटॉर्नी जनरल अनवर मंसूर खान ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है?

क. अफगानिस्तान

ख. श्री लंका

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. पाकिस्तान

हाल ही में पाकिस्तान के अटॉर्नी जनरल अनवर मंसूर खान ने हाल ही में राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है.

SarkariExam.Com